Roll No. ......................... Exam Code : M-19

Knowledge and Ideas

# Subject Code—8272

## B. A. EXAMINATION

(Batch 2018 Onwards) (Main)

(Second Semester)

HINDI (Compulsory)

HINC-102

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : 80

**नोट** : सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए ।

1. सम्पूर्ण निर्धारित पाठ्यक्रम से दस वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर 10 से 15 शब्दों में दीजिए । प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है : **2×10=20**

(क) 'हिन्दी' शब्द किस भाषा का है ?

(ख) राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के प्रथम अध्यक्ष कौन थे ?

(ग) 'अपने पैरों पर खड़ा होना' मुहावरे का अर्थ बताकर वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

P.T.O.

(घ) 'एक अनार सौ बीमार' लोकोक्ति को अर्थ के साथ वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

Knowledge and ideas

(ङ) 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक को लेखक ने कितने अंकों में विभाजित किया है ?

(च) मंदाकिनी कौन थी ?

(छ) 'पद्मावत' के रचयिता का नाम बताइए ।

(ज) कबीरदास के गुरु का क्या नाम था ?

(झ) चन्द्रगुप्त ने किसका वेश धारण किया था ?

(ञ) सूरदास की कोई दो रचनाओं के नाम लिखिए।

2. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । प्रत्येक व्याख्या के लिए 5 अंक हैं : $2 \times 5 = 10$

(क) "स्त्रियों के इस बलिदान का भी कोई मूल्य नहीं। कितनी असहाय दशा है । अपने निर्बल और अवलंब खोजने वाले हाथों से वह पुरुष के चरणों को पकड़ती है और वे सदैव इनको तिरस्कार, घृणा और दुर्दशा की भिक्षा से उपकृत करते हैं–तब भी ये बावली क्या मानती हैं ?"

(ख) "तनिक भी नहीं । ब्राह्मण केवल धर्म से भयभीत है । अन्य किसी भी शक्ति को वह तुच्छ

समझता है । तुम्हारे वधिक मुझे धार्मिक सत्य कहने से रोक नहीं सकते । उन्हें बुलाओ, मैं प्रस्तुत हूँ ।"

Knowledge and ideas

(ग) "चिंता करते-करते देखता हूँ कि मुझे मर जाना पड़ेगा । ठहरो (खड्गधारिणी से) हाँ जी, तुमने अपना काम तो अच्छा किया, किंतु मैं समझ न सका कि चन्द्रगुप्त को यह अब भी प्यार करती है या नहीं ?

(घ) बेटी ! हृदय को संभाला कष्ट सहन करने के लिए प्रस्तुत हो जा । प्रतारणा में बड़ा मोह होता है। उसे छोड़ने को मन नहीं करता; कोमा ! छल का बहिरंग सुन्दर होता है—विनीत और आकर्षक भी, पर दुखदायी और हृदय को बंध ने के लिए ही। इस बंधन को तोड़ डालं ।"

3. (क) जयशंकर प्रसाद का जीवन एवं साहित्यिक परिचय दीजिए ।

**अथवा**

'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के आधार पर 'ध्रुवस्वामिनी' का चरित्र-चित्रण कीजिए । 1×5=5

(ख) 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक की समीक्षा अथवा उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । 1×7=7

Knowledge and ideas

4. निम्नलिखित चार लघुत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक का कथानक ।

(ख) 'रामगुप्त' का चरित्र-चित्रण ।

(ग) ध्रुवस्वामिनी नाटक की पात्र-योजना

(घ) 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक का रंगमंच ।

5. निम्नलिखित दो आलोचनात्मक प्रश्नों में से एक प्रश्न का उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) संत काव्य परम्परा के मुख्य संतों के नाम बताते हुए प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।

(ख) कृष्ण काव्य की प्रवृत्तियां का उल्लेख कीजिए।

6. निम्नलिखित लघूत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) सूफी काव्य परम्परा का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ख) राम काव्य परम्परा का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

(ग) भक्तिकाल की धार्मिक परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए ।

(घ) भक्तिकाल की सामाजिक परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए ।

7\. (क) निम्नलिखित दो आलोचनात्मक प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर देकर स्पष्ट कीजिए : 1×7=7

(i) भाषा क्या है ? इसके अर्थ व स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए परिभाषित कीजिए।

**अथवा**

(ii) मानक भाषा की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।

(ख) निम्नलिखित लघूत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) भाषा व्यवस्था व भाषा व्यवहार में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

(ख) भाषा परिवर्तनशील है ? स्पष्ट कीजिए।

(ग) हिन्दी वर्तनी में किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है ?

(घ) राजभाषा का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

Pls Subscribe this